# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.07.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी–प्रधानमंत्री ने कहा उनका साहस और वीरता देशवासियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– इस वर्ष स्वदेश में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च की जाएगी।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन–पर्यावरण और समुद्री जीवों के संरक्षण पर दिए व्याख्यानों से जागरूक किया।
- श्रीविजयपुरम् में हुआ मानसून साइकिल रैली का आयोजन। बारह किमी की इस रैली में हर वर्ग ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने अपने संदेश में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस और वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी है और उन्हें देश भक्ति का प्रेरणा स्रोत बताया है। श्री शाह ने कहा कि मंगल पांडे ने अपनी साहस से 1857 के विद्रोह को प्रचंड बना दिया, जिसने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी। उनके नेतृत्व में बैरकपुर छावनी स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र बन गया और पूरे देश में आजादी की लहर फैल गई। देश के प्रत्येक युवक को मातृ भूमि के प्रति समर्पण के लिए मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगल पांडे के बलिदान को नमन किया और कहा कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश की पहली स्वदेशी सेमी कंडक्टर चिप इसी वर्ष तैयार हो जाएगी। हैदराबाद में कल केशव स्मारक शिक्षा समिति के पचासीवें स्थापना दिवस समारोह में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सेमी कंडक्टर उत्पादक देशों में से एक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही छह सेमी कंडक्टर संयंत्रों को मंजूरी दे चुकी है और उनका निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में इस वर्ष पहली भारत निर्मित चिप तैयार हो जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दो दिन के तेलंगाना दौरे पर हैं।

<><><><><><><>

आवश्यक सरकारी सेवाओं को लोगों के करीब लाने और राजस्व संबंधी मामलों का समय पर निवारण सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन 21 जुलाई, 2025 को दो विशेष राजस्व शिविर आयोजित करेगा। 21 जुलाई को सुबह ग्यारह बजे वंडूर, गोवंद नगर के सामुदायिक भवन में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य मामलों को सुलझाने में आम जनता की सहायता करना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना है। पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने में भी सहायता प्रदान की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और निर्बाध प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पहचान प्रमाण और अन्य सहायक कागजी कार्रवाई सहित पूर्ण और प्रासंगिक भूमि रिकॉर्ड दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित हों।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में तीन दिन से चल रही कार्यशाला आज सम्पन्न हो गई। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित "अन्य हितधारकों के कार्मिकों के प्रशिक्षण" में अंडमान एवं निकोबार द्वीप

समूह के शिक्षकों के लिए जीवन गतिविधियों के बारे में जागरूकता एवं संवर्धन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में दक्षिण अंडमान के 14 विद्यालयों के कुल 26 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में बर्मानाला में अंतर्ज्वारीय समुद्री जीव विविधता की पहचान एवं मूल्यांकन पर केंद्रित क्षेत्र–आधारित व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ–साथ ज्ञानवर्धक व्याख्यानों की एक श्रृंखला भी शामिल थी। स्थानिक जीवों की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान का एक क्षेत्रीय भ्रमण भी आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य वनसंरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन, ने मुख्य अतिथि के रूप में समापन भाषण दिया। उन्होंने द्वीपों में जैव विविधता शिक्षा और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की सराहना की। डॉ.कन्नन ने 2021 में प्रधान मंत्री की एक दूरदर्शी परियोजना, मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) की बढ़ती वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एएनआरसी–जेडएसआई के प्रभारी अधिकारी एवं पाठ्यक्रम निदेशक, डॉ. सी. शिवपेरुमन ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया।

<><><><><><>

आयुष मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, श्री विजया पुरम के डॉक्टर (आयुर्वेद) और पैरा मेडिकल स्टाफ की एक टीम 23 जुलाई से 31 जुलाई तक साबरी गांव, रंगत में टी एच सी आर पी के तहत सर्वेक्षण और मुफ्त आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने आज सुबह साढ़े पांच बजे पुरुषों और महिलाओं के लिए बारह किलोमीटर मानसून साइकिल रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लगभग पचहत्तर साइकिल प्रेमियों ने भाग लिया, जिनमें स्कूली छात्र, अंडमान निकोबार कमान के अधिकारी, राष्ट्रीय साइकिल चालक और आम जनता शामिल थी। इस कार्यक्रम में नशे के एक सकारात्मक विकल्प के रूप में शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया और युवाओं को सक्रिय जीवनशैली और पर्यावरण–अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रैली में सामुदायिक भावना की भी झलक देखने को मिली, जिसमें छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे यह एक समावेशी पहल बन गई। रैली को नेताजी स्टेडियम के मुख्य द्वार से एलएएस सचिव (आईपी एवं टी) ज्योति कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल चालक मानसून मार्ग से पीएस चैथम तक साइकिल चलाकर नेताजी स्टेडियम वापस आए, जहाँ बारह किलोमीटर की साइकिल यात्रा का समापन हुआ। शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे ने अतिथियों को कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

अंडर–19 लड़के और लड़कियों की ओपन कबड्डी चैंपियनशिप स्थगित कर दी गई है। यह चैम्पियनशिप कल और 21 जुलाई होनी थी, लेकिन अब यह 27 और 29 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सभी टीमों को सलाह दी जाती है कि वे 25 जुलाई तक या उससे पहले राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में नाममात्र प्रवेश शुल्क के साथ अपनी प्रविष्टियाँ जमा कराएँ। चैंपियनशिप का आयोजन इनडोर में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए टीमें कार्यालय समय के दौरान राज्य ओलंपिक संघ से संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने की आशंका है। अंडमान सागर में हवा की गति पचपन किमी प्रति घंटे तक पहुँचने से तूफानी मौसम रहने का पूर्वानुमान है। ऐसे समुद्र की स्थिति भी खराब रहने की आशंका है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे आज से तेइस जुलाई तक अंडमान सागर के किनारे और उसके आसपास समुद्र में न जाएँ। अंडमान और निकोबार के तट पर दो मीटर या उससे ऊँचाई वाली लहरों का पूर्वानुमान है। ऐसे में नाविकों को सलाह दी जाती है कि वे नाव चलाने के दौरान सावधनी बरतें।

<><><><><><>